**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने कल नई दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी व राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी रजनी पाटिल और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज भी दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है। राजकीय महाविद्यालय सोलन के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आहवान किया। शांडिल ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना पदभार संभालेंगे। श्री राजीव कुमार का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यकाल कल समाप्त होने के बाद ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की गई है। वे 1988 बैच के केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव के पद पर भी काम किया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है। इस बीच आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते आज रात से 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक शोभित कटयार ने बताया कि इस विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में होगा।

गौरतलब है कि प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है और लंबे समय से किसान व बागवान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वर्षा के अभाव में सेब बाहुल्य क्षेत्रों में बागवान सेब के तौलिये भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा गेहूं की फसल भी बारिश न होने के कारण पीली पड़ गई है।

## जीरो टॉलरेंस

नशे पर रोक लगाने के लिए मंडी जिला में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में सप्लाई व डिमांड चेन को तोड़ने के लिए पुलिस और प्रशासन मिलकर प्रयास कर रहे हैं। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से भी नशे के खिलाफ मुहिम में सहयोग का आह्वान किया है।

## अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **चिटटे बेचने के आरोप में टी डब्ल्यू ओ अरेस्ट, ऑनलाइन तस्कर संदीप से जुड़े लिंक।** इसके अलावा **अमर उजाला** ने खबर दी है **घबराएं नहीं...आई जी एम सी आएं, 15 दिन में चिटटे की लत छुड़वाएं। दैनिक जागरण** ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखा है **नशे के विरूद्ध जन आंदोलन की आवश्यकता।**

**पंजाब केसरी** के अनुसार **हिमाचल में अब संपत्ति हस्तांतरण व पटटे के लिए देनी होगी 12 प्रतिशत स्टांप डयूटी।**

दिव्य हिमाचल ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिटटू के बयान को शीर्षक दिया है **रेल मामले सुलझाने जयराम के साथ दिल्ली आएं सुक्खू।**

**मुख्यमंत्री सुक्खू ने पार्टी प्रभारी को सुझाया कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का नाम हिमाचल दस्तक** की एक खबर है।